पत्रांक 1982/R.O. Sig.

संचिका सं०–W-R 38-2006/RO.Sig part- I

पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार

(बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय, पटना)

दिनांक- 21/07/2020

प्रेषक,

पुलिस अधीक्षक (वितन्तु)
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– लेखन–सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/2020–21 के प्रकाशन के सम्बन्ध में।

महोदय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय में लेखन–सामग्री क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/2020–21 की प्रतियॉं भेजते हुए अनुरोध है कि इसे राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों में (अंग्रेजी एवं हिन्दी) के अगले दो संस्करणों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः– यथोपरि।

विश्वासभाजन

21/7/2020

(कृष्णा मुरारी सिन्हा)
पुलिस अधीक्षक (वितन्तु)
बिहार, पटना।

प्रतिलिपि :– 1. पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित कृपया। संलग्न विज्ञापन सूचना को प्राकशनार्थ संबंधित शाखा को निदेशित करने की कृपा की जाय।
2. आई0टी0 मैनेजर, पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया। संलग्न विज्ञापन सूचना की सी0डी0 निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार पटना को राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ कृपया।

21/7/2020

पुलिस अधीक्षक (वितन्तु)
सुमन बिहार, पटना।

## निविदा सूचना–01/2020–21

1. विभाग का नाम– पुलिस महानिदेशक का कार्यालय बिहार, पटना।
2. विज्ञापन दाता का नाम– पुलिस अधीक्षक(वितंतु)। बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय सरदार पटेल भवन ई0 ब्लॉक, छठा तल्ला, कमरा नं0–612 बेली रोड,पटना।
3. निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय – निविदा प्रकाशित की तिथि से किसी कार्य दिवस में दिनांक 12.08.2020 समय 15:00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति का स्थान– पुलिस अधीक्षक (वितंतु) का कार्यालय, बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय "ई0" ब्लॉक, छठा तल्ला, कमरा नं0–612, सरदार पटेल भवन, बेली रोड, पटना।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– दिनांक12.082020 समय 16:00 बजे
6. मद का नाम– 1. लेखन–सामग्री से सम्बन्धित सामान
   2. कम्प्युटर में प्रयोग होने वाले सहायक उपकरण यथा डी0भी0डी0आर0 डब्लू (सोनी), पेन ड्राईव, ओ0टी0जी0 तथा लेजर जेट विभिन्न मॉडल के लिए टोनर कार्टिरेज ईत्यादि के लिए निविदा आमंत्रित की जा रही है।

निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी कार्य दिवस को रक्षित कार्यालय, "डी0" ब्लॉक छठा तल्ला, कमरा नं0– 602, सरदार पटेल भवन, बेली रोड, पटना से निविदा आमंत्रण सूची प्राप्त किये जा सकते हैं।

### निविदा के नियम एवं शर्ते

1.इस मद में निविदायें सिर्फ बिहार में स्थित इकाईयों/आपूर्तिकर्ता/विक्रेता या राज्य के बाहर उत्पादनरत इकाईयों के स्थानीय कॉरपोरेट कार्यालय/ स्थानीय कार्यालय/ एजेन्ट/ प्रधिकृत डिलर/विक्रेता आपूर्पिकर्ता के द्वारा ही दी जायेगी। सफल निविदाकर्ताओं को क्रयादेश से पहले जी0एस0टी0 पंजीकरण का प्रमाण–पत्र देना होगा।

2. निविदाकर्त्ता को बिहार वित्त नियमावली के नियम 131 अ के आलोक में दो बोली प्रणाली के तहत दो भागों में निविदा निम्नरूपेण देना होगा :–

(क) तकनीकी बोली जिसमें निम्नवर्णित वाणिजियक शर्तो एवं प्रतिबंधो के साथ सभी तकनीकी व्यौरा शामिल रहेगा।

(ख) वित्तीय बोली में तकनीकी की बोली में शामिल की गयी इकाईयों का इकाईवार मूल्य दर्शाया जायेगा।

3. निविदा के तकनीकी बोली में निम्नलिखित आभिलेख अवश्य संलग्न होने चाहिए :–

(क) आयकर के अद्धतन रिटर्न की छाया–प्रति

(ख) पैन कार्ड की छाया–प्रति

(ग) निविदाकर्ता फर्म का जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण–पत्र की छाया–प्रति

(ध) निविदा में जिन–जिन सामानों की दर वित्तीय बोली में दिये जा रहे है उनके नाम निविदा के तकनीकी भाग में संलग्न करना आवश्यक है।

4. निविदा के वित्तीय भाग में, तकनीकी भाग में शामिल की गयी मद का इकाईवार मूल्य निम्नलिखित ढंग से अंकित करना होगा :–

(क) प्रस्तावित मद का मूल्य प्रति इकाई

(ख) देय जी0एस0टी0 कर

(ग) प्रति इकाई जी0एस0टी0 सहित नेट मूल्य अंकों एवं शब्दों में साफ–साफ अंकित करना होगा। इसमें किसी प्रकार का ओभरराईटिंग या कटिंग मान्य नहीं होगा।

5. तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग अलग–अलग लिफाफा में सीलबंद होने चाहिए एवं उसपर तकनीकी भाग में वित्तीय भाग अंकित होना चाहिए। इन दोनों लिफाफों पर निविदा कर्ता फर्म का नाम एवं पता स्पष्ट रूप अंकित होना चाहिए । दोनो लिफाफो को एक बड़े लिफाफा में डालकर एवं सीलबंद कर इसपर निविदा में प्रकाशित निविदा सूचना की निविदा संख्या अंकित रहेगी। इस बड़े लिफाफा पर निविदा कर्ता अपना फर्म का नाम अंकित नहीं करेगा एवं अगर फर्म का नाम बड़े लिफाफे पर अंकित करेगा तब उक्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा सीलबंद लिफाफा में उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित किया जायेगा।

6. कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये सामानों की सूची में अल्लेखित "कम्पनी" के ही सामान स्वीकार्य होंगें अन्य कम्पनी का सामान स्वीकार्य नहीं होगा।

7. सूची में वर्णित सामानों का वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए दर एवं फर्म का निर्धारण किया जायेगा एवं जब–जब जिन सामानों की आवश्यकता होगी तब–तब आवश्यक सामानों का अनुमोदित दर पर अनुमोदित फर्म से क्रय किया जायेगा।

8. निविदाकर्ता का दर अनुमोदित होने पर वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान अनुमोदित फर्म को सामानों की आपूर्ति करना, बाध्यता होगी तथा इस वित्तीय वर्ष में सामानों के दर में किसी प्रकार का बढ़ोतरी नहीं किया जायेगा।

9. सामानों की आपूर्ति बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय, सरदार पटेल भवन, वेली रोड, पटना स्थित कार्यालय में लिया जायेगा। इसके लिए अलग से कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा और ना ही अग्रिम राशि का कोई प्रावधान रहेगा।

10. विपत्रों का भूगतान से सम्बन्धित कारवाई आपूर्ति सामानों को स्वीकार करने के बाद ही प्रारम्भ किया जायेगा।

11. निविदाकर्ता द्वारा समर्पित निविदा में दुकान का निबंधन होने का प्रमाण–पत्र अवश्य संलग्न करना होगा। भौतिक सत्यापन में यदि उक्त पते पर दुकान अपलब्ध नहीं होगा तो निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

12.पुलिस अधीक्षक (वितन्तु), बिहार, पटना को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये एक या एक से अधिक अथवा सभी निविदाओं को आंशिक या पूर्ण रूप से अस्वीकृत कर दे।

2/7/2020

पुलिस अधीक्षक (वितन्तु)

बिहार, पटना।